संख्या-1-ई0एम0/2005-का-4-2005

प्रेषक,

प्रदीप शुक्ला,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

समस्त प्रमुख सचिव/ सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

कार्मिक अनुभाग-4 लखनऊ:: दिनांक:: 6 अप्रैल, 2005

विषयः- चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के आवास आवंटन के संबंध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक, शासनादेश संख्या-7-ई0एम0/91-का-4-2001, दिनांक 26 फरवरी, 2001 में यह सुस्पष्ट निर्देश निर्गत किये गये थे कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियें हेतु अनुमन्य आवास , उन्हें ही आवंटित किये जांय ।

2. शासन के संज्ञान में लाया गया है कि उक्त निर्देशों का अनुपालन नहीं किया जा रहा है । अतः आपसे यह अनुरोध करने का मुझे पुनः निदेश हुआ है कि शासनादेश दिनांक 26 फरवरी, 2001 के निर्देशों का प्रत्येक स्तर पर कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करांने का कष्ट करें ।

भवदीय,

(प्रदीप शुक्ला)
सचिव ।

संख्या-1-ई0एम0/2005(1) का-4-2005, तद्दिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. राज्य सम्पत्ति अधिकारी , उत्तर प्रदेश शासन ।
2. समस्त विभागाध्यक्ष/ प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश ।
3. समस्त मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश ।
4. सचिवालय के समस्त अनुभाग ।

आज्ञा से,

(बी0एन0दीक्षित)
विशेष सचिव ।